# रिपोर्ट

**शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, ख़रख़ौदा में प्लेसमेंट सेल द्वारा दो विशेष व्याख्यानो का आयोजन किया गया।**

दिनांक 19-11-2024 को शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, ख़रख़ौदा में प्लेसमेंट सेल द्वारा दो विशेष व्याख्यानो का आयोजन किया गया, जिसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. शलिनी सिंह ने स्नातक के बाद करियर के अवसरों और मनोविज्ञान में करियर अवसर दोनों विषयों पर विस्तार से व्याख्यान दिया। प्रोफेसर डॉ. शलिनी सिंह ने छात्रों को मनोविज्ञान में करियर बनाने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मनोविज्ञान एक अत्यंत विविध और व्यापक क्षेत्र है, जिसमें कई प्रकार के पेशेवर अवसर मौजूद हैं, जैसे कि काउंसलिंग, क्लिनिकल मनोविज्ञान, शिक्षा, औद्योगिक और संगठनात्मक मनोविज्ञान, और शोध। इसके अलावा, उन्होंने स्नातक के बाद के विभिन्न शैक्षिक और प्रोफेशनल कोर्सेज के बारे में भी जानकारी दी, जो छात्रों को अपने करियर को दिशा देने में मदद कर सकते हैं।

डॉ. सिंह ने छात्रों को यह भी बताया कि सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से वे मनोविज्ञान के क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने रुचियों और क्षमताओं के आधार पर करियर के विकल्पों का चयन करें और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए समर्पण से काम करें।

कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. तराना नेगी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को करियर बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और प्लेसमेंट सेल की गतिविधियों की सराहना की। इस कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और डॉ. सिंह से करियर संबंधी अपने सवाल पूछे। कार्यक्रम में मंच संचालन प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ योगेन्द्र रांगी ने, डॉ रेखा ने वक्ता परिचय और श्री प्रदीप मान ने समापन आभार ज्ञापित किया।

**Incharge**

**Placement Cell**

**Principal**

# छात्रों को दी मनोविज्ञान में करियर बारे जानकारी



*कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।*

खरखौदा, 19 नवम्बर (शर्मा): शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली में प्लेसमैंट सैल द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस दौरान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के मनोविज्ञान विभाग की प्रोफैसर डॉ. शलिनी सिंह ने स्नातक के बाद करियर के अवसरों और मनोविज्ञान में करियर अवसर दोनों विषयों पर विस्तार से व्याख्यान दिया।

उन्होंने विद्यार्थियों को मनोविज्ञान में करियर बनाने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और कहा कि मनोविज्ञान एक अत्यंत विविध और व्यापक क्षेत्र है, जिसमें कई प्रकार के पेशेवर अवसर मौजूद हैं।

इसके अलावा उन्होंने स्नातक के बाद के विभिन्न शैक्षिक और प्रोफैशनल कोर्सेज के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. तराना नेगी, प्लेसमैंट सैल के इंचार्ज डॉ. योगेन्द्र रांगी, डॉ. रेखा, प्रदीप मान आदि मौजूद थे।

---

### प्रोफेसर डॉ. शालिनी सिंह ने दिया व्याख्यान

# मनोविज्ञान में करियर संबंधी संभावनाएं

- **शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा में प्लेसमेंट सेल का आयोजन**

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा**

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा में प्लेसमेंट सेल द्वारा दो विशेष व्याख्यानों का आयोजन किया गया। जिसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. शालिनी सिंह ने स्नातक के बाद करियर के अवसरों और मनोविज्ञान में करियर अवसर दोनों विषयों पर विस्तार से व्याख्यान दिया।

प्रोफेसर डॉ. शालिनी सिंह ने छात्रों को मनोविज्ञान में करियर बनाने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मनोविज्ञान एक अत्यंत विविध और व्यापक क्षेत्र है, जिसमें कई प्रकार के पेशेवर अवसर मौजूद हैं, जैसे कि काउंसलिंग, क्लिनिकल मनोविज्ञान, शिक्षा, औद्योगिक और संगठनात्मक मनोविज्ञान और शोध। इसके अलावा, उन्होंने स्नातक के बाद के विभिन्न शैक्षिक और प्रोफेशनल कोर्सेज के बारे में भी जानकारी दी, जो छात्रों को अपने करियर को दिशा देने में मदद कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से वे मनोविज्ञान के क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने रुचियों और क्षमताओं के आधार पर करियर के विकल्पों का चयन करें और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए समर्पण से काम करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. तराना नेगी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को करियर बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और प्लेसमेंट सेल की गतिविधियों की सराहना की। इस कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और डॉ. सिंह से करियर संबंधी अपने सवाल पूछे। कार्यक्रम में मंच संचालन प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ योगेन्द्र रांगी ने किया। डॉ रेखा ने वक्ता परिचय दिया और प्रदीप मान ने समापन आभार ज्ञापित किया।



**खरखौदा।** करियर संबंधी व्याख्यान सुनते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# रिपोर्ट

## शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, ख़रख़ौदा में प्लेसमेंट सेल द्वारा 'भारतीय सशस्त्र बलों में करियर के अवसरों' और 'सशस्त्र बलों में प्रवेश के विभिन्न तरीकों' पर दो विशेष व्याख्यानो का आयोजन किया गया

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविधालय ख़रख़ौदा के प्लेसमेंट सेल द्वारा प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में भारतीय सशस्त्र बलों में करियर के अवसरों और सशस्त्र बलों में प्रवेश के विभिन्न तरीकों पर विस्तार व्याख्यानों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट अनिल, जो कि राजकीय महाविद्यालय कॉलेज बड़ोता में राजनीति विज्ञान के सहायक प्रोफेसर हैं, ने छात्रों को भारतीय सशस्त्र बलों में करियर बनाने के विभिन्न रास्तों के बारे में जानकारी दी। लेफ्टिनेंट अनिल ने छात्रों को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शामिल होने के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने विशेष रूप से उन छात्रों के लिए मार्गदर्शन किया जो सेना में भर्ती के इच्छुक हैं, और साथ ही शैक्षिक योग्यता, शारीरिक मानदंड और चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्राचार्या डॉ नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा क्योंकि इस क्षेत्र के युवाओं में सेनाओं में जाने के लिए ज़बरदस्त उत्साह है। डॉ नेगी ने कहा कि वक्ता ने बड़ी बारीकी से भारतीय सशस्त्र बलों में करियर बनाने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने इस सत्र का लाभ उठाते हुए भारतीय सेना में अपनी संभावनाओं पर चर्चा की और भविष्य के लिए प्रेरणा प्राप्त की। कॉलेज के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ योगेन्द्र रांगी ने बताया कि प्लेसमेंट सेल का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार और करियर के विभिन्न अवसरों से अवगत कराना है। इस अवसर पर मंच संचालन डॉ प्रियंका और श्री जगबीर दहिया ने आभार ज्ञापित किया।

**Incharge**

**Placement Cell**

**Principal**

29-3-25

हरिभूमि

# राजकीय महाविद्यालय में भारतीय सशस्त्र बलों में अवसरों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली के प्लेसमेंट सेल द्वारा प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में भारतीय सशस्त्र बलों में कैरियर के अवसरों और सशस्त्र बलों में प्रवेश के विभिन्न तरीकों पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट अनिल, जो राजकीय महाविद्यालय कॉलेज बड़ौता में राजनीति विज्ञान के सहायक प्रोफेसर हैं। उन्होंने छात्रों को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शामिल होने के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने विशेष रूप से उन छात्रों के लिए मार्गदर्शन किया जो सेना में भर्ती के इच्छुक हैं। साथ ही शैक्षिक योग्यता, शारीरिक मानदंड और चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्राचार्या डॉ नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के लिए महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा, क्योंकि इस क्षेत्र के युवाओं में सेनाओं में जाने के लिए जबरदस्त उत्साह है। डॉ नेगी ने कहा कि वक्ता ने बड़ी बारीकी से भारतीय सशस्त्र बलों में कैरियर बनाने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने इस सत्र का लाभ उठाते हुए भारतीय सेना में अपनी संभावनाओं पर चर्चा की और भविष्य के लिए प्रेरणा प्राप्त की। कॉलेज के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ योगेन्द्र रांगी ने बताया कि प्लेसमेंट सेल का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार व कैरियर के विभिन्न अवसरों से अवगत कराना है। मंच संचालन डॉ प्रियंका ने किया।



खरखौदा। विद्यार्थियों को जानकारी देते व्याख्याता अनिल।

दैनिक सवेरा

# राजकीय महाविद्यालय में भारतीय सशस्त्र बलों में कैरियर के अवसरों पर हुआ व्याख्यान



विद्यार्थियों को जानकारी देते व्याख्याता अनिल।

सवेरा न्यूज/कुलदीप सिंह

खरखौदा, 28 मार्च : शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली के प्लेसमेंट सेल द्वारा प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में भारतीय सशस्त्र बलों में कैरियर के अवसरों और सशस्त्र बलों में प्रवेश के विभिन्न तरीकों पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट अनिल, जो राजकीय महाविद्यालय कॉलेज बड़ौता में राजनीति विज्ञान के सहायक प्रोफेसर हैं। उन्होंने छात्रों को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शामिल होने के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने विशेष रूप से उन छात्रों के लिए मार्गदर्शन किया जो सेना में भर्ती के इच्छुक हैं। साथ ही शैक्षिक योग्यता, शारीरिक मानदंड और चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्राचार्या डॉ नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के लिए महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा, क्योंकि इस क्षेत्र के युवाओं में सेनाओं में जाने के लिए जबरदस्त उत्साह है। विद्यार्थियों ने इस सत्र का लाभ उठाते हुए भारतीय सेना में अपनी संभावनाओं पर चर्चा की और भविष्य के लिए प्रेरणा प्राप्त की। कॉलेज के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ योगेन्द्र रांगी ने बताया कि प्लेसमेंट सेल का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार व कैरियर के विभिन्न अवसरों से अवगत कराना है। मंच संचालन डॉ प्रियंका ने किया।